उप क्षेत्रीय कार्यालय / SUB REGIONAL OFFICE
कर्मचारी राज्य बीमा निगम / EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय , भारत सरकार / MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT, GOVT. OF INDIA)
सी.-50, सिटी सेन्टर (गाँधी मोड़ के नजदीक)/ C-50, CITY CENTRE (Near Gandhi More)
दुर्गापुर /DURGAPUR-713216, फोन/Phone : 0343-2549064/65/66, फैक्स/Fax : 0343-2549063.
E-mail : dir-durgapur@esic.nic.in, website : www.esic.nic.in

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

## प्रेस विज्ञप्ति

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम, उप क्षेत्रीय कार्यालय, दुर्गापुर में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन का अनुपालन।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन कर्मचारी राज्य बीमा निगम, उप क्षेत्रीय कार्यालय, दुर्गापुर में दिनांक 16 सितम्बर, 2019 को राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह सह हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इससे पूर्व कार्यालय में 01 सितम्बर, 2019 से 15 सितम्बर, 2019 तक राजभाषा पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्मिकों को हिंदी में काम-काज करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से 4 हिंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

हिंदी दिवस समारोह राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी संस्थान, दुर्गापुर के एसोसिएट प्रोफेसर सह राजभाषा अधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण राय को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर श्री बिकास कुमार भारती, वरिष्ठ अनुवादक द्वारा एक मौखिक हिंदी क्वीज का आयोजन भी किया गया जो काफी मजेदार एवं ज्ञानवर्धक रहा। समारोह में कार्यालय के कार्मिकों के द्वारा हिंदी कविता पाठ, हिंदी गीत आदि प्रस्तुत किया गया, विशेषकर श्री अनुज कुमार द्वारा गाए जगजीत सिंह की गजल "वक्त का ये परिंदा चला है कहां" ने शमां बाँध दिया। कार्यालीन काम-काज में हिंदी की महता पर प्रकाश डालते हुए कार्यालय अध्यक्ष श्री रुद्रदीप दत्त, उप निदेशक (प्रभारी) ने कार्मिकों को क्लीष्ठ हिंदी भाषा के प्रयोग से बचने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 351 में संस्कृत एवं अन्य भारतीय भाषाओं के शब्द से हिंदी के विकास की बात की गई है। कठिन शब्दों के प्रयोग से भाषा बोझिल हो जाती है और इससे कार्मिकों की हिंदी सिखने की रूचि भी प्रभावित होती है। उन्होंने सभी से सहज एवं सरल हिंदी के प्रयोग करने का अनुरोध किया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. श्रीकृष्ण राय ने सबसे पहले उपस्थित कार्मिकों विशेषकर कार्यालय में तैनात बिकास कुमार भारती,वरिष्ठ हिंदी अनुवादक के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि जिस कार्यालय में भारती जैसे राजभाषा सेवी एवं रुद्रदीप दत्त, जेसा नेतृत्व होगा, उस कार्यालय में हिंदी भाषा में काम-काज होना निश्चित है। उन्होंने कहा कि बहुत कम कार्यालय प्रमुख को हिंदी भाषा में प्रचार-प्रसार में इतने सक्रिय भूमिका निभाते हुए देखा जाता है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बंग भूमि स्वतंत्रता आंदोलन के समय से ही हिंदी के विकास के प्रति सक्रिय रहा है। इस भूमि से ही प्रथम हिंदी समाचार पत्र का प्रकाशन प्रारंभ हुआ। उन्होंने नेता जी सुभाष चंद्र बोस, गणेश शंकर विधार्थी का नाम लेते हुए कहा कि इन स्वतंत्रता सेनानियों ने प्रारंभ से ही हिंदी भाषा के विकास के लिए काम किए। उन्होंने श्री दत्त की बातों का समर्थन करते हुए सभी से सरल हिंदी भाषा का प्रयोग करने का सुझाव दिया है।

कार्यक्रम के अंत में पखवाड़े के दौरान आयोजित चारों हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि डॉ. श्रीकृष्ण राय, श्री रुद्रदीप दत्त, उप निदेशक (प्रभारी), श्री डी.बी.दास, सहायक निदेशक एवं श्री गौतम चटर्जी, सहायक निदेशक के द्वारा नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया।

पूरे कार्यक्रम का संचालन श्री बिकास कुमार भारती, वरिष्ठ अनुवादक द्वारा किया गया। श्री गौतम चटर्जी, सहायक निदेशक के धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रीय गीत की सामूहिक गूंज के साथ समारोह का समापन हुआ।

दिनांक : 17 सितम्बर, 2018

रुद्रदीप दत्त

(रुद्रदीप दत्त)
उप निदेशक (प्रभारी)
उ.क्षे.का., दुर्गापुर
मोबाईल 9830593377

रुद्रदीप दत्त/RUDRADEEP DUTTA
उप निदेशक (प्रभारी)/Deputy Director (In-charge)
क.रा.बी.निगम/E.S.I. Corporation
Govt. of India, Ministry of Labour